राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

चर्चा में क्यों?

हाल ही में राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (National Testing Agency- NTA) ने NEET UG परिणाम जारी किया, जिसमें 720/720 अंक प्राप्त करने वाले **उम्मीदवारों की** असामान्य रूप से **बड़ी संख्या** और 718 या 719 के विवादास्पद निकिट-पूर्ण अंक की ओर ध्यान आकर्षति किया गया।

- राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (National Medical Commission- NMC) चिकित्सा शिक्षा में **उच्च गुणवत्ता और उच्च मानक** बनाए रखने के लिये नीतियाँ निर्धारित करने तथा इस संबंध में आवश्यक नियम बनाने के लिये ज़िम्मेदार है।

राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी क्या है?

- **परिचय:**
  - राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) की स्थापना भारतीय सोसायटी पंजीकरण अधिनियम, 1860 के तहत पंजीकृत एक सोसायटी के रूप में की गई थी।
  - यह उच्च शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिये प्रवेश परीक्षा आयोजति करने वाला एक **स्वायत्त** और आत्मनिर्भर परीक्षण संगठन है।
- **गवर्नेंस:**
  - NTA की अध्यक्षता मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा नियुक्त एक प्रख्यात शिक्षाविद् करता है।
  - **मुख्य कार्यकारी अधिकारी (Chief Executive Officer- CEO) इसका** महानिदेशक होगा जिनकी नियुक्ति सरकार द्वारा की जाएगी।
  - इसमें एक **बोर्ड ऑफ गवर्नर्स** होगा जिसमें उपयोगकर्त्ता संस्थानों के सदस्य शामिल होंगे।
- **कार्य:**
  - मौजूदा स्कूलों और उच्च शिक्षा संस्थानों में से पर्याप्त **बुनियादी ढाँचे** वाले **साझेदार संस्थानों** की पहचान करना, जो उनकी शैक्षणिक दिनचर्या पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना **ऑनलाइन परीक्षाओं** के संचालन की सुविधा प्रदान करेंगे।
  - आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके सभी विषयों के लिये **प्रश्न बैंक** बनाना।
  - एक **मज़बूत अनुसंधान एवं विकास संस्कृति** के साथ-साथ परीक्षण के विभिन्न पहलुओं में विशेषज्ञों का एक समूह स्थापित करना।
  - **ETS (Educational Testing Services)** जैसे अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ सहयोग करना।
  - भारत सरकार/राज्य सरकारों के मंत्रालयों/विभागों द्वारा सौंपी गई किसी भी अन्य परीक्षा का संचालन करना।

राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (National Medical Commission- NMC):

- NMC भारत में चिकित्सा शिक्षा और अभ्यास के लिये **सर्वोच्च नियामक निकाय** है।
- NMC की **स्थापना वर्ष 2020 में राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 द्वारा भारतीय चिकित्सा परिषद (Medical Council of India- MCI)** के स्थान पर की गई थी।
- NMC में **चार स्वायत्त बोर्ड** शामिल हैं: स्नातक चिकित्सा शिक्षा बोर्ड, स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा बोर्ड, चिकित्सा मूल्यांकन और रेटिंग बोर्ड तथा नैतिकता एवं चिकित्सा पंजीकरण बोर्ड।
- NMC के पास एक **चिकित्सा सलाहकार परिषद** भी है, जो चिकित्सा शिक्षा और प्रैक्टिस से संबंधित मामलों पर आयोग को सलाह देती है।
- NMC चिकित्सा शिक्षा और प्रशिक्षण के मानकों और गुणवत्ता, चिकित्सकों के पंजीकरण तथा नैतिकता, एवं **चिकित्सा संस्थानों के मूल्यांकन और रेटिंग को भी नियंत्रित** करता है।
- NMC ने प्रतिष्ठित **विश्व चिकित्सा शिक्षा महासंघ (World Federation for Medical Education- WFME)** से मान्यता प्राप्त की है, जिसका अर्थ है कि **NMC द्वारा प्रदान की गई चिकित्सा डिग्रियों को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त है।**

और पढ़ें: भारत में चिकित्सा शिक्षा की स्थिति

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-testing-agency-2